एक नजर

मौसम का बदला मिजाज ठंड के साथ घने कोहरे का हुआ आगमन

श्रावस्ती। मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही ठंड ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। गुरुवार सुबह जिलेभर में घने कोहरे की चादर छाई रही। सुबह करीब आठ बजे तक कोहरे का असर इतना अधिक रहा कि सड़कों पर दृश्यता घटकर 50 मीटर रह गई। इसके चलते वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम में आए इस बदलाव से सुबह और शाम हल्की ठंड बढ़ने लगी है।घने कोहरे का सबसे अधिक असर भिनगा-बहराइच और मल्हीपुर-बहराइच मार्ग सहित जिले के प्रमुख मार्गों पर देखने को मिला। कम दृश्यता के चलते वाहन चालक दिन में भी हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर धीमी गति से चलते नजर आए। सुबह मजदूरी और अन्य कार्यों के लिए घरों से निकलने वाले लोगों के साथ स्कूली बच्चों को भी ठंड और कोहरे की वजह से परेशानी उठानी पड़ रही है। हालांकि सुबह करीब 10 बजे तक कोहरा छंटने के बाद धूप निकलने से लोगों को राहत मिल रही है। मौसम में लगातार बदलाव के चलते तापमान में गिरावट महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में कोहरे का असर और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इससे सुबह के समय दृश्यता और कम हो सकती है।

एसडीएम जमुनहा व सीओ ने विसर्जन घाट से हटवाया अवैध कब्जा

गिरंट बाजार श्रावस्ती। जमुनहा तहसील क्षेत्र के थाना हरदत्त नगर गिरंट थाने पर बुधवार को धनतेरस से शुरू हो रही मां लक्ष्मी जी की धूमधाम से पूजा अर्चना को लेकर गिरंट थाना अध्यक्ष गौरव सिंह ने पूजा समितियों के अध्यक्षों एवं पदाधिकारी के साथ पीस कमेटी की बैठक की थी। गिरंट थाना क्षेत्र में 13 मां लक्ष्मी जी की प्रतिमाओं को रखकर पूजा होती है।जिसमें सबसे अधिक हरदत्त नगर गिरंट में 9 प्रतिमाओं को रखकर मां लक्ष्मी जी भगवान श्री गणेश जी व महाराज कुबेर जी की पूजा अर्चना होती चली आ रही है। पूजा समिति के लोगों ने चौबे डीह विसर्जन घाट के खेत में कंटीले लगे तारों के बारे में थानाध्यक्ष से गुहार लगाई थी कैसे होगा विसर्जन जिस पर बृहस्पतिवार को एसडीएम जमुनहा रवेंद्र कुमार सीओ भिनगा आलोक सिंह ने थानाध्यक्ष गिरंट गौरव सिंह के साथ गिरंट कस्बा उप निरीक्षक गौरव कुमार शाही लेखपाल सुनील कुमार मिश्रा गिरंट प्रधान विजय कुमार के साथ सुजान डीह प्रधान शब्बीर को थेलेकर चौबेडीह गांव समीप भाकला नदी विसर्जन घाट पर खेत में लगे खेत में चारों तरफ लगे पीलर पर कटीले तारों को देखा सबसे पहले भिनगा सीओ आलोक सिंह थानाध्यक्ष गिरंट गौरव सिंह ने पहुंचकर किसान बरसाती से मुलाकात किया जिसमें किसान का धान कटा पड़ा मिला उन्होंने किसान से पूंछा कि जब जिस रास्ते से विसर्जन करने जाते हैं तो आप ने कांटा क्यों लगा दिया तो किसान ने कहा साहब जंगली जानवरों के आने से फसल को नुकसान होता है। विजय कुमार व सुजान डीह प्रधान शब्बीर से सीओ व थानाध्यक्ष ने जानकारी लिया तो उन्होंने ने बताया कि पहले हम लोगों ने पुल के नीचे थोड़ा रास्ता किसान खेत के मेढ़ से मिट्टी का रास्ता बना दिया था।परन्तु बरसात में मिट्टी बह गयी वहीं दूसरी तरफ इन्होंने खेत से बढ़ाकर कांटा लगा दिया अब यही दिक्कत बन गया है। सीओ व थानाध्यक्ष के समझाने पर किसान मान गया और उसने कहा साहब तार खोल लेंगे । एसडीएम ने कहा किसान की कैसी जमीन है तो लेखपाल ने बताया हथबंदी के दौरान पटटा बनाकर पूर्व में इस किसान को मिला था। एसडीम ने कहा भाकला नदी की चौड़ाई अधिक है तो लगा रहा यहां अवैध कब्जा भी किया गया है सब रिपोर्ट बनाकर इस पट्टे का कागज हमें दिखाई मैं देखता हूं।

धनतेरस और दीपावली के मद्देनजर चला स्वच्छता अभियान

गिरंट बाजार श्रावस्ती। धनतेरस के उपलक्ष्य में व दीपावली पर्व पर विकास खंड जमुनहा के ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरंट में गिरंट बाजार व धन्नी पुरवा बुधबाजार चौराहे के हनुमानजी मंदिर व अन्य जगेह पर सफाई कर्मचारियों द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान चौराहे व आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई। सफाई कर्मचारियों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत दीपावली पर साफ-सफाई कर स्वच्छता का प्रतीक पेश किया और लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया सफाई अभियान से चौराहा चमक उठा जिसकी स्थानीय लोगों ने सराहना की।

बार चुनाव नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन 15 प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

श्रावस्ती। मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन श्रावस्ती के वार्षिक चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है।नामांकन के दूसरे दिन गुरुवार को 15 प्रत्याशियों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए।कार्यकारिणी के 23 पदों के सापेक्ष अब तक कुल 31 प्रत्याशी मैदान में उतर चुके हैं। इससे चुनावी मुकाबला दिलचस्प होने के आसार हैं।

एल्डर कमेटी के चेयरमैन सालिकराम पांडेय के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए दिनेश कुमार पाठक और विनोद कुमार श्रीवास्तव ने नामांकन कराया, जबकि महामंत्री पद पर चंद्र कुमार मिश्र, वेदप्रकाश मिश्र और अभिषेक त्रिपाठी ने पर्चा दाखिल किया। मध्य उपाध्यक्ष पद पर अमरेंद्र सिंह, संयुक्त मंत्री (प्रकाशन) पद पर मेराज अहमद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राधेश्याम यादव तथा कोषाध्यक्ष पद पर सदानंद त्रिपाठी ने नामांकन किया।

इसके अलावा वरिष्ठ सदस्य पदों पर धर्मराज पाठक, नीरज कुमार पांडेय और राजीव टंडन ने, जबकि कनिष्ठ सदस्य पदों पर अंकित कुमार शुक्ल, रवीश कुमार पाठक और मोहम्मद सलीम राइनी ने पर्चा दाखिल किया।बार एसोसिएशन के महामंत्री सतीश कुमार मौर्य ने बताया कि कई पदों पर प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन होने की संभावना है।

महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पर 5100 दीप जलाएगा क्षत्रिय कल्याण परिषद

अयोध्या। दीपोत्सव के अवसर पर सात नवंबर को अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की ओर से गुप्तारघाट स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल पर 5100 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों के साथ सर्वसमाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2022 से प्रतिमा स्थल पर दीपोत्सव मनाया जा रहा है। जिला कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सर्वसमाज के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

पलिया के शारदा तट पर मनेगी देव दीपावली



पलिया कलां खीरी। आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा संस्थान श्रीपीठ पर तैयारियों को लेकर बैठक हुई संपन्न। पलिया- भीरा के मध्य क्षेत्र की सरस्वती कही जाने वाली पवित्र शारदा (सरस्वती)नदी के उत्तरी तट पर आगामी 16 नवंबर से 24 नवंबर तक विगत वर्षों की भांति देव दीपावली का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर नगर के आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा संस्थान के संस्थापक पीठाधीश्वर श्रीकुलआचार्य महाराज गोविंद माधव की मौजूदगी एवं संरक्षक रामचंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई । जिसमें संस्था के अध्यक्ष शांति स्वरूप शुक्ल , उपाध्यक्ष एडवोकेट गगन मिश्रा, महामंत्री कृष्ण कुमार गोपी, संरक्षक डीके श्रीवास्तव, संरक्षक कल्याण प्रसाद अग्रवाल संयुक्त मंत्री संजीव वर्मा शेरा ,सचिव धनेंद्र शुक्ला, प्रचार मंत्री रामू वर्मा, मीडिया प्रभारी विकास दीक्षित, वरिष्ठ परिजन सुनील कुमार गुप्ता उर्फ पंडित,विशंभर दयाल, जेपी शर्मा, तकनीकी सलाहकार अनिल मिश्रा, उपाध्यक्ष अतुल गुप्ता, सोमेश मिश्रा, आदर्श अग्रवाल, आनंद गुप्ता उर्फ मुक्कू, आशीष अग्निहोत्री, आनंद गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, ओम प्रकाश कश्यप गेंदु आदि करीब दो दर्जन से अधिक पदाधिकारी मौजूद रहे। श्रद्धालु सपरिवार नित्य आहुतियां डालकर स्वाहा बोलेंगे। यज्ञ का समापन 24 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा को पूर्णाहुति के साथ होगा।इसके अलावा उसी दिन शाम को देव दीपावली मनाई जाएगी, शारदा नदी की भव्य आरती कर हजारों दीपक छोड़ते हुए सुन्दर आतिशबाजी, प्रसाद वितरण व विशाल भंडारा आयोजित होगा।

सम्मानित हुए 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारी

अयोध्या। आपातकालीन परिस्थितियों में बेहतर सेवाएं देने वाले 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारियों को मंगलवार को लखनऊ में आयोजित वार्षिक समारोह में सम्मानित किया गया। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अंबेडकरनगर के ईएमटी आलोक नाथ तिवारी व पायलट अरविंद कुमार तथा गोंडा के ईएमटी राजेश कुमार शर्मा व पायलट शिवकुमार को स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र और चेक देकर सम्मानित किया गया। वहीं, अयोध्या रीजन के रीजनल मैनेजर अजय सिंह को प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ रीजनल मैनेजर का पुरस्कार मिला। संस्था के निदेशक कृष्णम राजू प्रेसिडेंट टीवीएसके रेड्डी ने कर्मचारियों की सराहना करते हुए असली हीरो बताया। संस्था मानव सेवा ही माधव सेवा के सिद्धांत पर काम कर रही है।

सार्वजनिक रास्ते से कब्जा हटाने की मांग को लेकर परिवार फिर धरने पर बैठा



कैसरगंज (बहराइच। तहसील परिसर में गुरुवार को कटका मरौठा गांव निवासी रत्नो देवी अपने परिवार के साथ एक बार फिर धरने पर बैठ गईं। करीब 20 दिन पहले भी उन्होंने तहसील परिसर में पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध जताया था। उस समय अधिकारियों ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कार्रवाई पूरी नहीं होने से परिवार नाराज है।रत्नो देवी के पति संदीप ने बताया कि कैसरगंज तहसील क्षेत्र के कटका मरौठा गांव में गाटा संख्या 924 में 82 फीट सार्वजनिक रास्ता राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। परिवार का आरोप है कि सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जा होने से आवागमन में परेशानी हो रही है। रास्ते को पूरी तरह कब्जामुक्त कराकर पक्का निर्माण कराने की मांग को लेकर वे लगातार अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं।परिवार का कहना है कि करीब 20 दिन पहले विरोध जताने पर अधिकारियों ने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया था, लेकिन अभी तक रास्ते को कब्जामुक्त कराने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे नाराज होकर परिवार को दोबारा धरने पर बैठना पड़ा।परिवार ने प्रशासन से राजस्व अभिलेखों के अनुसार सार्वजनिक रास्ते की पैमाइश कराकर उसे अतिक्रमणमुक्त कराने और पक्का रास्ता बनवाने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।उप जिलाधिकारी प्रशांत कुमार नायक ने बताया कि मामले के निस्तारण के लिए टीम गठित की गई है। टीम के माध्यम से जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

रोज़गार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को विधायक पयागपुर ने वितरित किये जॉब ऑफर लेटर



बहराइच । उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन रोज़गार अभियान अन्तर्गत युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा विधानसभा क्षेत्र पयागपुर अन्तर्गत महाराजा बलभद्र सिंह रैकवार महाविद्यालय परिसर में आयोजित विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले के मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी व अन्य अतिथियों के साथ फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर रोजगार मेले का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी, बीडीओ पयागपुर, महाविद्यालय के प्रशासक द्वारा मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी ने रोजगार मेले की सराहना करते मौजूद अभ्यर्थियों का आहवान किया कि सेवायोजन विभाग के रोज़गार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य कराएं, जिससे कि शिक्षित बेरोज़गार युवक-युवतियों को देश के साथ-साथ विदेशों में भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। श्री त्रिपाठी ने मौजूद अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संसार में कोई भी सेवा व कार्य छोटा नहीं होता है। जीवन में पूरी ईमानदारी व लगन के साथ किया गया प्रत्येक कार्य का नतीजा उत्साहजनक होता है। उन्होंने अभ्यर्थियों का आहवान किया जीवन में नकारात्मकता का त्याग कर पॉज़ीटिव सोच के साथ मिलने वाले अवसरों का भरपूर लाभ उठाकर अपने व परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास करें।विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों एवं युवाओं की बेहतरी के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

आज देश व प्रदेश के युवाओं को पूरी पारदर्शिता व योग्यता के अनुसार नौकरियों में अवसर मिल रहा है साथ ही स्वरोज़गार से युवाओं को सबल बनाने हेतु अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है ताकि युवा स्वयं के साथ-साथ दूसरे लोगों को भी रोज़गार से जोड़कर देश के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे सकें। श्री त्रिपाठी ने अन्य अतिथियों के साथ रोज़गार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को जॉब आफर लेटर का वितरण करते हुए उपस्थित सभी युवक-युवतियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना ही।जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने सेवायोजन पोर्टल एवं रोज़गार संगम पोर्टल की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 18 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग करते हुए 1082 प्रतिभागियों का साक्षात्कार करते 686 अभ्यर्थियों का द्वितीय चरण के लिए चयन किया गया है। इस अवसर पर उद्योग विभाग, खादी ग्रामोद्योग, लीड बैंक व श्रम विभाग द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाकर मौजूद लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्रशासक कमलेश सिंह ने आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में अभ्यर्थी एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

झारखंड के पहाड़िया जनजाति के श्रद्धालुओं का अयोध्या में स्वागत

अयोध्या। दीपोत्सव में शामिल होने के लिए झारखंड के गोड्डा और पाकुड़ जिले से पहुंचे पहाड़िया (मूल पहाड़िया) जनजाति के श्रद्धालुओं का समाजसेविका शशि रावत के नेतृत्व में अयोध्या धाम में स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था कारसेवकपुरम में की गई है।यह व्यवस्था झारखंड प्रदेश श्रीराम जानकी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील सिंह, उपाध्यक्ष शशि रावत और डॉ. अंशु लकड़ा के मार्गदर्शन में की गई है। यात्रा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को दीपोत्सव में शामिल कराने के साथ प्रभु श्रीराम के आदर्शों और भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक मोतीलाल पहाड़िया, जगरनाथ पहाड़िया और सहयोगी आदित्य चौरसिया का भी योगदान रहा।

वॉलीबॉल में स्वर्ण पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का सम्मान

अयोध्या। सीबीएसई अंडर-19 वॉलीबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर लौटे ग्रामर्षि एकेडमी इंटरनेशनल के खिलाड़ियों का विद्यालय में स्वागत एवं सम्मान किया गया। यश विद्या मंदिर दर्शननगर में आयोजित प्रतियोगिता के बालक वर्ग में 29 विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। इसमें ग्रामर्षि एकेडमी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।विद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक डॉ. अंजू पांडेय ने खिलाड़ियों को माला पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। टीम की सफलता में खेल प्रशिक्षक अजय सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रबंधक ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। इससे अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित होता है। प्रधानाचार्य रणविजय शर्मा, प्रशासक डीएन दुबे, मीडिया प्रभारी रवि सिंह, मनीष तिवारी, विजयलक्ष्मी गुप्ता सहित शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

एक नजर

एम्स इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस संपन्न, 7 बाल वैज्ञानिक राज्य स्तर के लिए चयनित



बहराइच । एम्स इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिले भर के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने कुल 372 वैज्ञानिक प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए, जिनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 7 मेधावियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद तथा खंड शिक्षा अधिकारी तजवापुर राम रूप उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों के वैज्ञानिक मॉडल्स का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा की सराहना की।प्रतियोगिता के मूल्यांकन उपरांत जूनियर वर्ग से उच्च प्राथमिक विद्यालय अवस्थी पुरवा के आरव रघुवंशी, तारा महिला इंटर कॉलेज की पलक सिंह व (एम्स इंटरनेशनल स्कूल की आराध्या शर्मा, सीनियर वर्ग में एम्स इंटरनेशनल स्कूल के एकंप्रीत सिंह, राजकीय बालिका इण्टर कालेज बहराइच की छवि शर्मा, राजकीय इण्टर कालेज बहराइच के ओम शुक्ला तथा बैरोज़ ब्ले बुल्स इण्टर कालेज की कृतिका पांडे को राज्य स्तर हेतु चयनित घोषित किया गया।समापन सत्र में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक/माध्यमिक शिक्षा वीरेश कुमार वर्मा ने सभी विजेता बच्चों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को नवाचार के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। निर्णायक मंडल में डॉ. आनंद कुमार श्रीवास्तव, पंकज कुमार पांडे, अरविंद वर्मा व देवेंद्र कुमार मिश्रा शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रद्युम्न पांडे एवं समन्वय डॉ. नंदकुमार शुक्ला ने किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शिति सिंह, एडमिन प्रितपाल सिंह तथा प्रवक्ता सूरज प्रताप सिंह का आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण

बहराइच । जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह नवम्बर 2026 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 06 से 30 नवम्बर 2026 तक किया जायेगा। वितरण अवधि मे प्रत्येक अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण नि:शुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर 2026 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा।जिला पूर्ति अधिकारी ने समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित समयावधि में संबंधित नोडल एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में निर्धारित चौहद्दी पर ई-पॉस मशीन के माध्यम से अंगूठा लगवाकर तथा ई-वेटिंग स्केल मशीन से खाद्यान्न तौलकर लाभार्थियों को तत्काल नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराएं।उ खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की घटतौली, अनियमितता अथवा खाद्यान्न की कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर संबंधित उचित दर विक्रेता के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी राशन कार्डधारकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर अपनी उचित दर दुकान पर पहुंचकर सरकार की इस नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण योजना का लाभ उठाएं।

दीपावली के अवसर पर 10 नवम्बर को स्थानीय अवकाश घोषित

बहराइच । अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के अनुमोदन दिनांक 04 नवम्बर 2026 के अनुक्रम में दीपावली के पावन अवसर पर 10 नवम्बर 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है। उक्त स्थानीय अवकाश बैंक तथा कोषागार को छोडकर सभी शासकीय कार्यालयों पर प्रभावी होगा।

निषाद पार्टी ने संगठन में किया फेरबदल, प्रेम सागर निषाद बने जिलाध्यक्ष

अयोध्या। निषाद पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए कई पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित स्वागत एवं सम्मान समारोह में अवध प्रांत के अध्यक्ष संजीत निषाद ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान प्रेम सागर निषाद को जिलाध्यक्ष, अनिल कुमार निषाद को महासचिव, डॉ. विजय कुमार निषाद को अयोध्या मंडल प्रभारी और निन्नू राम निषाद को प्रदेश सचिव बनाया गया।

इसके अलावा महादेव देहाती को मंडल सचिव, रामकुमार दादा को मंडल संस्कृति सचिव, दिनेश निषाद को मंडल सचिव, अमृतलाल निषाद को युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, प्रमिला निषाद को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, अंकित पांडेय को जिला उपाध्यक्ष और अरुण यादव को जिला सचिव की जिम्मेदारी दी गई। रामसूरत निषाद का नाम भी नवनियुक्त पदाधिकारियों में शामिल रहा। समारोह में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल वर्मा, महामंडलेश्वर संतोष महाराज, राष्ट्रीय सचिव राजेश निषाद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

एमएलसी व जिलाधिकारी की उपस्थिति में लहसुन एवं प्याज़ बीज वितरण कार्य का हुआ शुभारम्भ



बहराइच। जनपद के कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रदेश में संचालित एकीकृत बागवानी मिशन, मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना एवं अनुसूचित जाति/जनजाति कृषकों हेतु विकास की योजना अन्तर्गत जिला उद्यान अधिकारी बहराइच के कार्यालय परिसर में पंजीकृत कृषकों को विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में प्याज एवं लहसुन बीज वितरण कार्य का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने मुख्यालय की नर्सरी में टॉमी एटकिंस आम एवं जिलाधिकारी द्वारा सन्सेशन प्रजाति के आम पौध का रोपण किया गया।एमएलसी डॉ. त्रिपाठी व जिलाधिकारी श्री पाण्डेय द्वारा उद्यान विभाग कार्यालय परिसर तथा पौधशाला मुख्यालय की नर्सरी की साफ-सफाई की प्रसंशा की गई। साथ ही पौधशाला में विषमुक्त खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित किये गये प्रदर्श की प्रसंशा करते हुए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। एमएलसी डॉ. त्रिपाठी ने सरकार की मंशानुरूप जनपद के कृषकों को शाकभाजी एवं मसाला की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाय।इसके पश्चात जिलाधिकारी श्री पाण्डेय ने मृदा परीक्षण प्रयोगशाला एवं उप निदेशक कृषि बहराइच के कार्यालय का निरीक्षण किया। प्रयोशाला के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद के अधिकाधिक कृषकों मृदा परीक्षण कराने तथा तदनुसार संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। उप निदेशक कृषि कार्यालय के निरीक्षण के साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त पाये जाने पर जिलाधिकारी प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक ओम प्रकाश त्रिपाठी, योजना प्रभारी पंकज वर्मा सहित विभागीय कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

जल जीवन मिशन की बैठक

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की गई। जिसमें जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती में जल जीवन मिशन फेज-2 एवं फेज-5 के अन्तर्गत तथा पूर्व निर्मित परियोजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु नामित फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा की गई। संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पूर्व में निर्मित योजनायें जिन्हें संचालन एवं अनुरक्षण में ली जा चुकी है, उनके सापेक्ष परियोजनाओं को माह नवम्बर, 2026 में किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी निर्देशित किया है कि पाइप लाइन डालने के उपरान्त सड़क की मरम्मत प्राथमिकता से कराया जाए। कार्य पूर्ण होने के उपरान्त तत्काल मरम्मत कराकर सड़क पूर्वावस्था में लायी जाए।

यदि औचक निरीक्षण के दौरान कमी पायी गई तो सम्बन्धित अभियंता एवं कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इसलिए सभी अभियंतागण अपने-अपने सौंपे गए कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा के अन्दर करायें। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में कार्यरत फर्म जी0ए0 इन्फ्रा वी0पी0एल0 के 165 नग परियोजनाओं में लक्षित 171 शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 69 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि मैन पावर बढ़ाते हुए अवशेष शिरोपरि जलाशय का कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है जनपद में जीरो पॉवर्टी अभियान सर्वे के दौरान कुल 5569 परिवारों का सत्यापन कर 'हर घर जल' योजना के अन्तर्गत गृह संयोजन प्रदान किया जाना है, जिसके सापेक्ष सत्यापन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें 1135 परिवार पूर्व से आच्छादित है तथा 4434 नग वंचित पात्र परिवारों के सापेक्ष वर्तमान तक 3024 नग पात्र परिवारों को अभियान के अन्तर्गत कनेक्शन दिये गये हैं। निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 1410 अवशेष वंचित परिवारों को गृह संयोजन से 01 माह के अन्दर आच्छादित किया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं जनपद में कार्यरत फर्म को निर्देशित किया गया कि संचालन एवं अनुरक्षण में ली गयी 104 पाइप पेयजल योजनाओं पर शत-प्रतिशत क्लोरिनेशनयुक्त नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, अधिशासी अभियंता जल निगम मो0 इमरान सहित अन्य अभियंता व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।